वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Email:connectpuregistrar@gmail.com

Tel. No.: (05452) 252244
Web: www.vbspu.ac.in

पत्रांक : 2776 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2022 दिनांक : 21 जनवरी, 2022

स्मरण पत्र–03

कार्यालय-आदेश

समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / शिक्षकगण वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रबन्धकों एवं प्राचार्यों को अवगत कराया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 2767 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2022 दिनांक 12 जनवरी, 2022, पत्र संख्या 2769 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2022 दिनांक 18 जनवरी, 2022 एवं पत्र संख्या 2771 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2022 दिनांक 19 जनवरी, 2022 द्वारा आप सभी को सूचित किया गया था कि कोविड–19 संक्रमण की तीसरी लहर के रोकथाम के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालयों के प्रबन्धकों, प्राचार्यों शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अध्ययनरत सभी छात्र / छात्राओं के टीकाकरण कराये जाने हेतु दिनांक 22.01.2022 तक अभियान चलाया गया है। जिसमें सम्बन्धितों का 100 प्रतिशत टीकाकरण कराया जाना अनिवार्य है। सम्बन्धित इसकी समीक्षा हेतु जनपद–जौनपुर के समस्त महाविद्यालय के प्राचार्यों / प्रबन्धकों की बैठक मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर के अध्यक्षता में दिनांक 20.01.2022 को अपरान्ह 2.00 बजे आहूत की गयी थी जिसमें उपस्थिति बहुत कम थी जो लापरवाही का द्योतक है इसे विश्वविद्यालय के निर्देशों का उल्लंघन माना गया है जिसके लिए स्पष्टीकरण अलग से निर्गत किये जायेगे।

अतः आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि संदर्भित टीकाकरण अभियान को गम्भीरता से लेते हुए प्रत्येक दशा में अपनी संस्था में कार्यरत कार्मिकों एवं अध्ययनरत 15 से 18 आयु वर्ग के सभी छात्र–छात्राओं का शतप्रतिशत टीकाकरण अधिकतम तीन दिवसों में अनिवार्य रूप से करा लिया जाय तथा जो छात्र / छात्रा टीकाकरण न कराये, उन्हें आगामी परीक्षा में सम्मिलित न कराया जाय। इसके लिए सभी से प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से ले लिया जाय तथा इस प्रमाण पत्र की छायाप्रति सम्बन्धित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी एवं विश्वविद्यालय परिसर से सम्बन्धित अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के कार्यालय में जमा करा दिये जाय।

कुलसचिव
21/01/22

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, जनपद– जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जनपद– जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़।
3. जिला विद्यालय निरीक्षक, जनपद– जौनपुर, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़।
4. वित्तअधिकारी / परीक्षा नियन्त्रक।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण।
6. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / शिक्षकगण परिसर पाठ्यक्रम।
7. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक, सम्बद्ध महाविद्यालय, जनपद– जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ।
8. समस्त सहायक कुलसचिव।
9. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
10. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
11. समस्त प्रशासनिक अधिकारी / प्रभारी / कर्मचारीगण।
12. गार्ड फाइल।

कुलसचिव
21/01/22